**Seventeenth Loksabha**

an>

Title : Need to sanction construction of a National Highway from Satna to Prayagraj linking backward areas of two states

**श्री गणेश सिंह (सतना):** महोदय, आजाद भारत के इतिहास में वर्ष 2014 से लेकर आज तक भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने ऐतिहासिक कार्य करके जो कीर्तिमान स्थापित किया है, वह अत्यंत सराहनीय है । मेरा लोकसभा क्षेत्र सतना उत्तर प्रदेश की सीमा से लगा हुआ है, किन्तु वहाँ सीधा कोई भी राष्ट्रीय राजमार्ग नहीं है । भारतमाला योजना में मैने सतना से सेमरिया, सिरमौर, जवा, शंकरगढ़, प्रयागराज हेतु एक राष्ट्रीय राजमार्ग की माँग की थी, जिसकी सैद्धांतिक सहमति भी हो चुकी थी ।

माननीय मंत्री जी का आश्वासन पत्र भी मुझे मिला था, किन्तु आज तक दो राज्यों को जोड़ने वाली सड़क जो कि सर्वाधिक पिछड़े हुये क्षेत्र से गुजरने वाली है, उसकी स्वीकृति नही हो पाई। मैं मांग करता हूँ कि तत्काल उक्त सड़क की स्वीकृति देने की कृपा करें।